गुरुग्राम
वीरवार
07 सितंबर, 2023
वर्ष 11, अंक 247
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

ह्यूमन इंडिया

हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com

अग्रवाल महाविद्यालय के छात्रों ने नशा-मुक्ति व पर्यावरण सुरक्षा के लिए जलाई अलख

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे साइक्लोथोन अभियान के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के लगभग 50 छात्रों को साइक्लोथोन रैली में भाग लेने अनाज मंडी बल्लबगढ़ के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया व अपने संबोधन में कहा कि यह रैली पर्यावरण सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए एक पहल है द्य छात्र निर्धारित रूट से होकर अनाज मंडी बल्लबगढ़ में एकत्रित हुए द्य गौरतलब है कि इस साइक्लोथोन रैली संपूर्ण हरियाणा में चलाई जाएगी जिसकी शुरुआत 1 सितंबर 2023 को हरियाणा के करनाल जिले में की गई और इसका समापन भी 25 सितंबर 2023 को करनाल में ही किया जाएगा। वास्तव में यह रैली पर्यावरण संरक्षण व नशा मुक्ति का संदेश संपूर्ण भारत व हरियाणा में फैला रही है। इस छात्रों में अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य जी के साथ महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ० योगेश गोयल, शारीरिक शिक्षक डॉ. जगवीर सिंह व प्राचार्य सुवेश पांडे (अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन) उपस्थित रहे।